अति महत्वपूर्ण / विधानसभा मामला
विशेष पत्र वाहक / ई–मेल द्वारा

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार**
**9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली**

**F.No 234/1405/HFW/QC/2025/** 390 दिनांकः– 21/3/2025

सेवा में,

श्रीमान उप–सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली–110054

**विषय :** **आठवीं विधानसभा का द्वितीय सत्र (बजट सत्र–2025), माननीय विधायक श्री सोम दत्त द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 26 दिनांक 24.03.2025 के संदर्भ में।**

महोदय / महोदया,

यह पत्र उपरोक्त संदर्भित आपके ई–मेल दिनांकित 15.03.2025 के संदर्भ में प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया उपरोक्त के संदर्भ में इस पत्र के साथ माननीय विधायक श्री सोम दत्त द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0 26 का उत्तर निर्धारित प्रारूप में (100 प्रतियां) आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली सरकार के अनुमोदन से प्रेषित किया गया है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार (100 प्रतियां)

भवदीय

जे.बी. कपिल

उप–सचिव (प्र0शा0)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

J.B. KAPIL
Dy. Secy. (H&FW)

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

अतारांकित प्रश्न संख्या : 26

दिनांक : 24.03.2025

प्रश्नकर्ता का नाम : मा0 विधायक श्री सोम दत्त

क्या उपमुख्यमंत्री/मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र.स. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में कुल कितने क्लीनिक, पॉली क्लीनिक अपग्रेड किये गये, पते सहित पूर्ण विवरण दें; | सदर बाजार विधान सभा क्षेत्र में 01 दिल्ली सरकार औषधालय को रिमोडल किया गया है, जिसका पता निम्नलिखित है:– दिल्ली सरकार औषधालय शहजादा बाग, टैंट वाली मस्जिद के नजदीक, शहजादा बाग, दिल्ली–110035 |
| ख | इन कार्यों पर कुल कितना पैसा खर्च किया गया, | दिल्ली सरकार के 94 औषधालयों को रिमॉडल करके पॉलिक्लीनिक बनाने के लिये रूपये 168.58 करोड (एक सौ अड़सठ दशमलव अटठावन करोड़) राशि स्वीकृत थी परन्तु लोक निर्माण विभाग ने 221.90 करोड (दो सौ इक्कीस दशमलव नब्बे करोड़) संशोधित अनुमान प्रस्तुत किया है जिसको स्वीकृत करने के लिये विभागीय कार्यवाही की जा रही है। उन 94 औषधालयों में दिल्ली सरकार औषधालय शहजादा बाग भी सम्मिलित है। |
| ग | भविष्य में इनकी देखरेख के लिये क्या प्रावधान है, और | दिल्ली सरकार के सभी औषधालय भवनों की देखरेख लोक निर्माण विभाग के द्वारा की जाती है। |
| घ | इनकी देखरेख के लिये जिम्मेदार अधिकारियों के नाम व दूरभाष नम्बर क्या हैं? | उपरोक्त 'ग' के अनुसार |

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय (स्वास्थ्य) के अनुमोदन के पश्चात जारी किया गया है।

हस्ताक्षर

उप–सचिव (प्र.शा.)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
J.B. KAPIL
Dy. Secy. (H&FW)

Scanned with OKEN Scanner